(21)

# प्रदेश में लागू होगी भू-अधिकार योजना



## पं. उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की. इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित कई भाजपा नेता भी मौजूद थे.

भोपाल, 25 सितंबर. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भू-अधिकार योजना की घोषणा की. इसके तहत जिन लोगों के पास रहने की जगह नहीं है, उन्हें

**लोगों को दी जाएगी जमीन, सीएम का ऐलान**

**गरीबों को रहने के लिए पट्टा देंगे, घर देंगे**

रहने के लिए जमीन की व्यवस्था की जाएगी. सीएम ने कहा कि अगर सरकार को लोगों को खरीद कर भी जमीन देनी पड़ी तो दी जाएगी.

सीएम शिवराज ने कहा कि गरीबों को रहने के लिए पट्टा देंगे, घर देंगे, साथ ही शहरों में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जाएंगी. माफियाओं से सरकारी जमीन का कब्जा छुड़ाकर उस पर गरीबों को रहने की जगह दी जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दरिद्र नारायण की सेवा है. मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो सरकार खरीद कर भी गरीबों को जमीन के पट्टे देगी. इस योजना के तहत सरकार ऐसे गरीब लोगों को जमीन के पट्टे देगी, जिनके पास रहने के लिए भी जगह नहीं है. सरकार ऐसे लोगों के लिए मकान भी बनाकर देगी.

नव भारत

नव-भारत
26-9-2021

**जनदर्शन कार्यक्रम : रैगांव में बोले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**

# प्रदेश में हर भूमिहीन गरीब को दिया जाएगा जमीन का पट्टा

दबंग रिपोर्टर ▸ सतना

26-9-21

मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब प्रदेश में हर गरीब भूमिहीन को जमीन का पट्टा दिया जाएगा। शनिवार को जिले के रैगांव में जनदर्शन कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ग के आवासहीनों को पट्टा देने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना लागू की जा रही है। योजना के प्रथम चरण में सर्वे करके गरीबों का चिन्हांन किया जाएगा। इसके बाद उपलब्ध शासकीय जमीन में आवासीय प्लॉट दिए जाएंगे। सरकारी जमीन उपलब्ध न होने पर निजी भूमि खरीद कर भी गरीबों को पट्टे दिए जाएंगे।

## महिलाओं को देंगे रोजगार के नए अवसर

सीएम चौहान ने कहा कि जनता की तकलीफें दूर करने तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मैं यहां आया हूं।



स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के नए अवसर दिए जाएंगे। एक जिला-एक उत्पाद योजना से भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रदेश में अगले एक साल में एक लाख लोगो की भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैगांव क्षेत्र के बारे में खबर फैलाई जा रही है कि यहां पूरे क्षेत्र में चूने पत्थर की खदान का प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है। सभी किसान भाई पूरी तरह से आश्वस्त रहें कि जिस जमीन में खेती होती है, उसमें पत्थर की खदान मंजूर नहीं की जाएगी।

दबंग दुनिया
26-9-2021

(23)

# आत्मनिर्भर लाड़ली के रूप में लागू होगी लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0

**सीएम शिवराजसिंह चौहान ने कहा**

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बेटियों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना को नए स्वरूप लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 - आत्मनिर्भर लाड़ली के रूप में लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी और गर्व है कि बेटियों के प्रति समाज की मानसिकता में बदलाव लाने के लिए वर्ष 2007 में लागू की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्तमान में 39.81 लाख से अधिक बेटियां जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना की लोकप्रियता को देखते हुए अन्य राज्यों ने भी इसे अपनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में बेटियों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाए जाने की जरूरत है। लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 आत्मनिर्भर लाड़ली में हमने लाड़ली बालिकाओं के कौशल प्रशिक्षण एवं विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धता, उच्च शिक्षा तथा जीवन के अन्य क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। इससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी तथा सामाजिक और आर्थिक रूप से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर सकेंगी।

चौहान ने प्रदेश की लाड़ली बेटियों से आग्रह किया है कि वे शाला में प्रवेश से लेकर निरंतर आगे की कक्षाओं में अग्रसर होते हुए इसी लगन, उत्साह और परिश्रम से 12वीं कक्षा तथा उसके बाद भी अपने रूचि अनुसार लक्ष्य निर्धारित करते हुए उच्च शिक्षा एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करें। इससे अन्य बालिकाओं को भी प्रेरणा मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से जुड़ी बालिकाओं को कॉलेज की पढ़ाई से लेकर स्व-रोजगार अथवा नौकरी पाने तक राज्य सरकार हरसंभव सहायता करेगी।

राजएक्सप्रेस
26-9-2021

6वीं तक के बच्चों को 10, इसके ऊपर वालों को 15 किलो मुफ्त मिलेगी

# 600 करोड़ की 85000 टन मूंग मिड-डे मील में बच्चों को बंटेगी

## ये वो मूंग, जो सरप्लस खरीदी गई

भास्कर न्यूज़ . भोपाल | मप्र के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मिड-डे मील के तहत अब खड़ी मूंग बांटी जाएगी। ये वह मूंग है, जिसकी मप्र में सरप्लस खरीदी की गई है। इसे केंद्र सरकार नहीं उठा रही। लिहाजा स्कूलों के 68 लाख बच्चों को 85 हजार टन मूंग वितरित की जाएगी। पहली से छठवीं तक के बच्चों को 10 किलो और इससे ऊपर की कक्षा वाले छात्र-छात्राओं को 15 किलो मूंग मुफ्त मिलेगी। राज्य सरकार ने प्रति क्विंटल 7196 रुपए में मूंग खरीदी है, लिहाजा 85 हजार टन मूंग की कीमत करीब 611 करोड़ रुपए पड़ेगी। पिछली कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व मंत्रियों की ओर से सैद्धांतिक सहमति हो गई है। वित्त विभाग की सहमति मिलते ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए लाया जाएगा। इस साल मार्कफेड ने 4.40 लाख टन मूंग खरीदी है, जिसमें से 2.50 लाख टन कोटे के तहत है। शेष सरप्लस है।

## खाना बनाने में होने वाले खर्च की राशि से निकलेगा मूंग का पैसा

'हींग लगे न फिटकरी' की तर्ज पर अधिकारियों ने रास्ता निकाला है कि स्कूलों बच्चों को जितनी भी मूंग मुफ्त बंटेगी, उसका पैसा मिड-डे-मील के ही एक फंड से समायोजित किया जा सकता है। खाना बनाने पर प्रतिदिन प्रति बच्चा एक रुपए खर्च होता है। सालाना यह खर्च 674 करोड़ रुपए बैठता है। इसी पैसे को मूंग की खरीदी में डाल दिया जाएगा। यानी बच्चों को मुफ्त मूंग देने के बाद भी सरकार को कोई नुकसान नहीं है। खाना बनाने वाली राशि बची हुई है, क्योंकि कोरोना में बच्चे स्कूल नहीं गए और खाना नहीं बना। मिड-डे मील में पका हुआ भोजन बच्चों को दिया जाता है। भास्कर

दै० भास्कर
26-9-2021

(22)



# हर गरीब को रहने की जमीन का अधिकार, मिलेगा पट्टा

**भोपाल ● 25 सितम्बर ( ब्यूरो )** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जल्द ही मुख्यमंत्री भू-अधिकार (पट्टा) योजना प्रारंभ करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर गरीब को रहने के लिए जमीन का अधिकार है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए यह योजना क्रियान्वित होगी। योजना के अंतर्गत जिन लोगों के पास रहने के लिए जगह नहीं है, उन्हें रहने के लिए भूखंड उपलब्ध कराया जाएगा। शहरों में जहां भूमि उपलब्ध नहीं होगी, वहां मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाकर रहने की व्यवस्था की जाएगी। माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर भी गरीबों के लिए आवास बनाए जाएंगे। यह दरिद्रनारायण की सेवा है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलकर जनता के कल्याण के काम निरंतर करते रहेंगे।

**मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल जयंती पर लालघाटी स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

मुख्यमंत्री श्री चौहान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री चौहान ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को नमन कर कहा कि पंडितजी अपने नाम दीनदयाल के अनुरूप दीनों के प्रति विशेष संवेदनशील थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी संस्कृति, संस्कारों, परंपराओं, जीवन मूल्यों के आधार पर देश निर्माण का विचार दिया।

## दीनदयालजी के विचार को क्रियान्वित करने चल रहीं अनेक योजनाएं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की इस भावना और विचार को क्रियान्वित करने के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निःशुल्क टीका लगवाने, सबको शिक्षा, सबके इलाज की व्यवस्था, अन्न वितरण जैसी गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना, संबल योजना, बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई, बेटा-बेटी के जन्म के पहले और बाद में गरीब बहनों के लिए पैसे की व्यवस्था, कन्यादान, लाड़ली लक्ष्मी जैसी अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

26-9-2021

(24)

**मालवा में अपनी बिजली...** उज्जैन संभाग में सात सौ स्थानों पर बिजली उत्पादित की जा रही

# करोड़ों की बिजली पैदा कर रही 'छत'

# सौर उर्जा का उपयोग कर अपनी बिजली

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

आशीष पाठक
patrika.com 26-9-21

रतलाम. बेमुद्दत बिजली कटौती और अल्पवर्षा वाले इलाकों में आंख-मिचौली ने मालवा में अपनी बिजली की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। उज्जैन और इंदौर संभाग सौर उर्जा की बदौलत अपनी छत पर अपनी बिजली बना रहा है। घरों व प्रतिष्ठानों की छतों पर पैनल लगाकर न केवल बिजली का मौजूदा बिल कम किया जा रहा है, बल्कि ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ा रहे हैं।



## नेट मीटर रखता है हिसाब

केंद्र और राज्य शासन अपनी छतों से बिजली बनाने को प्रोत्साहित कर रही है। अपनी छत से बिजली बनाने और उस बिजली को लाइनों में प्रवाहित करने का जरिया नेट मीटरिंग होता है। नेट मीटर छत से बनने वाली बिजली और उपभोक्ता के घर, दुकान, फैक्ट्री की छत से उत्पादित होने वाली बिजली का हिसाब रखता है। यह हिसाब हर बिल में जारी होता है। यदि बिजली का उपयोग ज्यादा होता है, तो अंतर राशि का बिल जारी होता है, यदि छतों से बिजली उपयोग की तुलना में ज्यादा उत्पादित हुई तो अंतर यूनिट का बिल क्रेडिट जारी होता है।

**40 फीसद तक सब्सिडी :** तीन किलो वाट तक के संयंत्र पर शासन 40 फीसदी तक सब्सिडी देता है। चार से दस किलो वाट तक 20 फीसदी सब्सिडी की व्यवस्था होती है। एक किलो की सोलर पैनल्स का लगभग 37 हजार रुपए का इसमें से लगभग 22 हजार उपभोक्ता को चुकाना है, सब्सिडी शासन से देय होती है

## उज्जैन संभाग में 700 छतों से बिजली

अपनी छत से बजली उत्पादित करने वालो की संख्या धीरे धीरे बढ़ती जा रही है। उज्जैन संभाग में लगभग सात सौ स्थानों पर छतों से बिजली उत्पादित की जा रही है। इसमें देवास जिले में 55 स्थानों से बिजली बनती है। वहीं इंदौर संभाग में दो हजार से ज्यादा स्थानों से बिजली का छतों के माध्यम से पैनल की मदद से उत्पादन हो रहा है। मप्र में सबसे ज्यादा छतीय बिजली इंदौर शहर से उत्पादित हो रही है, इसकी संख्या 1700 से ज्यादा है। मालवा और निमाड़ में लगभग 40 मैगावाट क्षमता की नेट मीटरिंग पैनल्स लगाई जा चुकी है।

## संभाग की फैक्ट फाइल

| जिला | छत पर हो रहा उत्पादन |
|---|---|
| रतलाम | 106 |
| उज्जैन | 383 |
| मंदसौर | 41 |
| नीमच | 57 |
| शाजापुर | 22 |
| देवास | 55 |
| आगर-मालवा | 22 |

## ग्रीन एनर्जी की दिशा में बड़ा बदलाव

छतों से सौर ऊर्जा को लेकर मालवा और निमाड़ में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने रूचि लेकर अपनी छत अपनी बिजली की भावना से कार्य किया है। हर माह नए आवेदन प्राप्त हो रहे है, इन्हें कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी से समय पर मंजूर कराकर समय पर बिजली उत्पादन प्रारंभ कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं की यह रूचि ग्रीन एनर्जी की दिशा में बड़ा बदलाव लाएगी।

**-अमित तोमर,** एमडी मप्रपक्षेविवि कंपनी इंदौर

पत्रिका
26-9-2021

(11)

# शाम को तेज बारिश होने से धोलावड़ के 3 गेट खोले

## 24 घंटे में जिले में कहां-कितनी बारिश

| आलोट | जावरा | ताल | पिपलौदा | बाजना | रतलाम | रावटी | सैलाना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9.0 | 25.0 | 00 | 35.0 | 18.0 | 6.0 | 13.0 | 3.0 |

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-9-21

रतलाम में शनिवार की शाम तेज बारिश हुई। बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी तीन से चार दिन तक ऐसी ही बारिश के आसार बने हुए हैं।

बारिश का दौर शाम 5.30 बजे बाद शुरू हुआ। देर रात तक कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश होती रही। इधर, जिले की बारिश का कोटा अब पूरा हो चुका है। 918.3 मिमी बारिश की जरूरत है, लेकिन अब तक 988.2 मिमी बारिश हो गई है। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया बारिश अभी जारी रहेगी। अरब सागर, बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना हुआ है। वहीं, मानसून ट्रफ का भी असर है, नार्थ एमपी में चक्रवात भी बना हुआ है। ऐसे में भरपूर नमी आ रही है। तीन से चार दिन बारिश होती रहेगी।

**शहर में तेज बारिश, धोलावड़ डेम के गेट खोले-** शहर में तेज बारिश के कारण धोलावड़ डेम के गेट खोलना पड़े। डेम अब पूरी तरह लबालब हो चुका है। डेम की क्षमता 395 मीटर है। यह शहर के जल प्रदाय का मुख्य स्त्रोत है। शहर में होने वाली बारिश का पानी इस डेम में ही पहुंचता है। शनिवार की बारिश के चलते रात में डेम के तीन गेट खोले गए।

दै. भास्कर

26-9-2021

13

# स्वच्छता पखवाड़ा : डीआरएम व अन्य अधिकारियों ने एक घंटे तक झाड़ू लगाकर सर्कुलेटिंग एरिया साफ किया



रतलाम | स्वच्छता पखवाड़े में शनिवार को डीआरएम विनीत गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म चार के सर्कुलेटिंग एरिया को साफ किया। स्वच्छ प्रसाधन दिवस के रूप में डीआरएम सहित अन्य अधिकारियों को सुबह 10 से 11 बजे तक झाड़ू लगाना पड़ी। वहीं अन्य कर्मचारियों ने जमा कचरा उठाया। एडीआरएम केके सिन्हा, सीनियर डीसीएम सुनील मीणा, सीनियर डीएसओ मुकेश कुकलौर्या, अंकित गुप्ता, अजय ठाकुर, स्टेशन मैनेजर विजय सिंह सिसौदिया, डिप्टी एसएस राजेश श्रीवास्तव सहित सभी शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे। रेलवे परिसरों की विशेष सफाई के लिए 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा बनाया जा रहा है। इसमें हर दिन अलग-अलग कैंपस की सफाई की जा रही है। इसी क्रम में 26 सितंबर को स्वच्छ नीर दिवस मनाया जाएगा। इसमें सभी वाटर व फिल्टर प्लांट व पानी के अन्य स्त्रोतों सफाई। 27 सितंबर को स्वच्छ पैंट्रीकार दिवस, 28 सितंबर को नो प्लास्टिक डे, 29 सितंबर को स्वच्छ प्रतियोगिता दिवस और 2 अक्टूबर श्रमदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

दै० भास्कर

26-9-2021

(12)

# एलइडी सुधारने संसाधन पड़ रहे कम

## अब भी 600 से अधिक पोल पर अंधेरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 26-9-21

रतलाम. शहर में बंद पड़ी एलइडी के लिए जो संसाधन आए थे अब वो कम पड़ने लगे हैं। इसकी वजह यह है कि अब भी 600 से अधिक बिजली पोल पर एलइडी खराब पड़ी है व इसके पूर्व 400 एलइडी नगर निगम का प्रकाश विभाग सुधार चुका है। ऐसे में कर्मचारियों को पोल की खराब एलइडी सुधारने में परेशानी हो रही है।

शहर में वार्ड नंबर एक से लेकर 49 तक एक भी वार्ड ऐसा नहीं है जहां पर पोल पर सभी एलइडी रोशनी दे रही हो। नगर निगम के पीछे स्थित नजरबाग में ही सप्ताजी के कुंड से लेकर निजी धर्मशाला तक के पोल पर एलइडी बंद पड़ी हुई है। ऐसे में शहर के वाशिंदो को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### एक साथ तीन समस्याएं

एलइडी बंद होने से गलियों से लेकर कॉलोनी व चौराहों से लेकर मुख्य मार्ग तक आमजन को शाम होने के बाद एक साथ तीन समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ एलइडी बंद रहती है तो दूसरी तरफ सड़क के गड्ढे जानलेवा हो रहे है। इसके अलावा कुत्तों की परेशानी अलग रहती है। अंधेरे में गड्डों में गिरते पड़ते शहरवासी एक स्थान से दूसरे स्थान पर आना जाना कर रहे है। इन सब के बीच अब संसाधन की कमी कर्मचारियों के सामने आ खड़ी हुई है।

पत्रिका
26-9-2021

(10)

# देर शाम बारिश के बाद नगर निगम ने जवाहर नगर में नालियां तोड़ी



रतलाम. नगर निगम ने शनिवार रात जवाहर नगर में कई नालियों को तोड़ दिया। यह कार्रवाई रहवासियों के घर में बारिश का पानी घुसने की सूचना के बाद की गई है। निगम की कार्रवाई से कुछ लोगों ने नाराजी भी जताई है। नाराज लोगों का कहना है कि निगम की कार्रवाई में भेदभाव किया गया है। निगम के दल के साथ पुलिस बल भी बड़ी संख्या में गया था।

शनिवार की शाम से शहर में तेज बारिश होने लगी थी। इसके बाद जवाहर नगर में हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी के पीछे पानी भरने की सूचना नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को मिली। इसके बाद निगम के लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के दल को पुलिस बल व जेसीबी के साथ भेजा गया। जेसीबी दल ने कई नालियों को चौड़ा करने के उद्देश्य से तोड़ दिया। इस दौरान नीतिन नाम के एक व्यक्ति ने निगम की कार्रवाई का यह कहकर विरोध किया कि कार्रवाई के नाम पर भेदभाव हो रहा है। कुछ के यहां नालियां तोड़ी जा रही है व कुछ की छोड़ी जा रही। इस बीच निगम की कार्रवाई सख्ती से चलती रही। बता दे कि शहर में पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश के दौरान नालियों का पानी रहवासियों के आवास में चला गया था। शनिवार को जब फिर बारिश शुरू हुई तो यही समस्या सामने आई, इसके बाद निगम के अमले ने सूचना मिलने पर कार्रवाई की है। पत्रिका

पत्रिका

26-9-2021

(9)

कार्रवाई

# आरडीए के संपदा अधिकारी को सीईओ ने किया निलंबित

## तय समय पर कार्य नहीं करने और बिना सक्षम अनुमति के अवकाश पर चले जाने पर की कार्रवाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) के प्रभारी संपदा अधिकारी योगेश शुक्ला को आरडीए की सीईओ जमुना भिड़े ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें नगर निगम में अटैच किया गया है। शुक्ला ने तय समय पर काम नहीं किया और बिना सक्षम अनुमति के ही अवकाश पर चले गए।

मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी संपदा अधिकारी और जनसंपर्क अधिकारी योगेश शुक्ला ने 21 सितंबर को ईमेल के माध्यम से आवेदन दिया कि वे अवकाश पर रहेंगे। इन्हें पता था कि इस अवधि में आरडीए की योजना क्रमांक 04 परशुराम विहार में व्ययन किए जा रहे व्यावसायिक भूखंडों की वित्तीय बीड खोली जाकर आगामी कार्रवाई की जाना है। इसके पहले 17 सितंबर को योजना क्रमांक 04 परशुराम विहार तथा योजना क्रमां क्रमांक 01 माही विहार में प्राप्त निविदाओं को खोला गया था जिसका तुलनात्मक पत्रक तैयार करके आगामी कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रस्तुत किए जाना थे। शुक्ला ने दोनों ही कार्रवाई के महत्वपूर्ण होने के बाद भी बिना सक्षम अनुमति के अवकाश ले लिया है। इस पर आरडीए की सीईओ जमुना भिड़े ने योगेश शुक्ला को निलंबित कर दिया है।

पत्रिका
26-9-2021

7

## स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर को पुरस्कार मिलने पर निगम आयुक्त झारिया का सम्मान



रतलाम। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों द्वारा पुश्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाकर बधाई प्रेशित की।

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यषाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में निगम आयुक्त झारिया द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर 24 सितम्बर को नगर निगम कार्यालय आने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए निगम आयुक्त श्री झारिया का पुश्प माला व पुष्प गुच्छ से सम्मान कर अपनी खुशी का इजहार किया।

इन्दौर ... 26-9-21

## स्वच्छता की बुनियादः मध्यप्रदेश में रतलाम नगर पुरस्कार मिलने पर निगम आयुक्त झारिया का सम



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम 26-9-21

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों द्वारा पुश्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाकर बधाई प्रेशित की।

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यषाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में निगम आयुक्त झारिया द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर 24 सितम्बर को नगर निगम कार्यालय आने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए निगम आयुक्त श्री झारिया का पुश्प माला व पुष्प गुच्छ से सम्मान कर अपनी खु इजहार किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर प कि रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रि फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने का श्रेय सभी अधि कर्मचारी व नागरिकों को जाता है क्योंकि सभी के सहयोग संभव हो पाया है इसलिये सभी सम्मान के हकदार है।

इस अवसर पर उज्जैन संभाग अधीक्षण यंत्री प्र निगम, कार्यपालन यंत्री आर.आर. जारोलिया, उपा विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारि कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसव सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी विजय बालो स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीश तिवारी सहि निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सफाई कर्मच यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रसारण 26-9-2021

## स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर को पुरस्कार मिलने पर निगम आयुक्त झारिया का सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

26-9-21



प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट गीले कचरे से खाद के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाकर बधाई प्रेषित की।

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में निगम आयुक्त झारिया द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर 24 सितम्बर को नगर निगम कार्यालय आने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए निगम आयुक्त श्री झारिया का पुष्प माला व पुष्प गुच्छ से सम्मान कर अपनी खुशी का इजहार किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर निगम को एमआरएफ मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट गीले कचरे से खाद के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने का श्रेय सभी अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों को जाता है क्योंकि सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है इसलिये सभी सम्मान के हकदार है। इस अवसर पर उज्जैन संभ अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम कार्यपालन यंत्री आर. आ जारोलिया, उपायुक्त विका सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमत ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी विजय बालोद, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीश तिवारी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सफाई कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

दै. अवन्तिका

26-9-2021

(6)

# पुरस्कार मिलने पर निगमायुक्त का सम्मान



निगमायुक्त सोमनाथ झारिया का सम्मान करते हुए अधिकारी-कर्मचारी। ●नईदुनिया

रतलाम। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला व स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान मिला है।

पुरस्कार लेकर रतलाम लौटने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का निगम अधिकारी, कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों ने पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। उज्जैन संभाग अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम, कार्यपालन यंत्री आरआर जारोलिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

नई दुनिया 26-9-2021



# स्वच्छता की बुनियाद मप्र में रतलाम नगर को पुरस्कार मिलने पर निगम आयुक्त का सम्मान

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 26-9-21

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त का निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में निगम आयुक्त द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर नगर निगम कार्यालय आने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए निगम आयुक्त का सम्मान हुआ।

निगम आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने का श्रेय सभी अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों को जाता है क्योंकि सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है इसलिये सभी सम्मान के हकदार है।

इस अवसर पर उज्जैन संभाग अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम, कार्यपालन यंत्री आर.आर. जारोलिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, जी.के.जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सफाई कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 26-9-2021

(8)

## अंबे चौक से न्यू गांधी स्कूल तक की सड़क का डामरीकरण होगा



रतलाम| पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शनिवार को विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से स्वीकृत अलकापुरी अंबे चौक से न्यू गांधी स्कूल तक सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। पूर्व क्षेत्रीय पार्षद प्रहलाद पटेल, पूर्व एमआईसी सदस्य भगत सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, जयंत पटेल, महेंद्र शर्मा, सुनीता श्रीवास्तव, सारिका दीक्षित, रिंकू पंवार, जलज जैन, रमेश चौहान आदि मौजूद रहे।

दै. भास्कर
26-9-2021

**यह तो हद है :** नगर निगम के करीब 21 दिन में तीसरी बार क्षतिग्रस्त हुई रोड

# ग्यारंटी 4 साल की, 2 साल में सड़क तोड़ रही दम

पत्रिका न्यूज पंच

26-9-21



रतलाम @ पत्रिका . शहर में जर्जर सड़कों से हर कोई परेशान हो गया है। हद तो यह है कि दो वर्ष पहले नगर निगम के करीब रतलाम विकास प्राधिकरण के सामने से कालिका माता मंदिर जाने वाली सीमेंट की सड़क दो वर्ष पहले बनी थी, वो 21 दिन में तीन बार टूट गई है। बड़ी बात यह है कि चार वर्ष की ग्यारंटी इस सड़क की है, लेकिन सीसी पूरी उखड़ने के बाद भी निगम का लोकनिर्माण विभाग निर्माण करने वाले ठेकेदार से दोस्ती निभाते हुए नोटिस तक नहीं दे रहा है।

शहर में दो वर्ष पूर्व आरडीए कार्यालय के सामने से लोकनिर्माण विभाग होते हुए मच्छी दरवाजे तक सीसी रोड का निर्माण किया गया था। इसकी लागत तब करीब 6 लाख रुपए की आई थी। तब नगर निगम के अनुसार इसकी ग्यारंटी चार वर्ष की थी। तब से अब तक यह सड़क दो वर्ष में ही जगह जगह से जर्जर हो गई है। इतना ही नहीं जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। शनिवार को सुबह नगर निगम के मवेशी वाहन निकलने के दौरान ही एक बड़ा गड्ढा हो गया।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

सड़क पर हुई टूट की जानकारी मिली है। इस मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। सुधार कार्य शुरू करवा दिया गया है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

### 21 दिन में तीन बड़े गड्ढे

बिते 21 दिन की बात करें तो तीन बड़े गड्ढे इस सड़क पर हो गए। दो को नगर निगम ने गिट्टी मिट्टी डालकर भरा, लेकिन शनिवार सुबह फिर से नया गड्ढा हो गया। पूर्व के गड्ढे सीवरेज लाइन की पाइप डालने के बाद [illegible] थे, जिनको निर्माण ऐजेंसी के बज[illegible] नगर निगम ने सुधारा था। अब फि[illegible] से यहां बड़ा गड्ढा हो गया तो आसपा[illegible] बोल्डर डाले गए हैं।

### कार्रवाई के बजाए निभाते दोस्ती

नगर निगम के लोकनिर्मा[illegible] विभाग को सड़क मामले में निर्मा[illegible] के ठेकेदार को नोटिस देकर सुधा[illegible] कार्य करवाना चाहिए, लेकि[illegible] इसके बजाए अधिकारी ठेकेदार से दोस्ती निभाते नजर आते हैं। शहर में अब तक बनी सीसी रोड कई मार्ग में उखड़ गई है, लेकिन दो वर्ष में एक भी नोटिस जारी नहीं किए गए हैं।

पत्रिका
26-9-2021

(19)

**दावा** 20 लाख मामलों का हुआ निपटारा, रीवा जिले में सबसे ज्यादा रहीं शिकायतें

# सीएम हेल्पलाइन पर आठ महीने में 24 लाख लोगों ने मांगी मदद

इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
26-9-21
patrika.com

**भोपाल.** स्कूल अधिक फीस ले रहे हैं, अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा, जमीन के दस्तावेज समय पर नहीं दे रहे, मनरेगा में मजदूरी नहीं मिल रही...सीएम हेल्पलाइन पर इस तरह की शिकायतें आम हो गई हैं। पिछले 8 महीने में सरकार के पास ऐसी 24 लाख से ज्यादा शिकायतें पहुंची हैं। इनमें 20 लाख के निराकरण का दावा किया जा रहा है। हालांकि निराकरण के बाद भी लोग संतुष्ट नहीं हैं। आरोप है कि अफसरों ने मनमर्जी से फाइल बंद कर दीं, जबकि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि शिकायतों के निराकरण के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। अब सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों की हर महीने मॉनीटरिंग होगी।

कोरोना काल में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें कम आ रही थीं। निराकरण की ओर सरकार का ध्यान भी कम था। अब कोरोना के मामले कम होने पर शिकायतें भी बढ़ने लगी हैं। संबंधित विभागों ने निराकरण की ओर भी ध्यान दिया है।






## विभागवार ऐसी है शिकायतों की स्थिति

ऊर्जा: 412519

नगरीय विकास एवं आवास : 364816

पंचायत एवं ग्रामीण विकास : 287917

राजस्व: 221894

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं

उपभोक्ता संरक्षण: 208329

गृह: 173564

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी: 169881

स्वास्थ्य: 125126

वित्त: 70081

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण: 49991

## 7 साल में 1.52 करोड़ मामले

**पिछले** सात साल के हेल्पलाइन पोर्टल पर 1 करोड़ 52 लाख 18 हजार 845 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से 1 करोड़ 48 लाख 94 हजार 498 का निराकरण करने का दावा है।

## घर बैठे कर मांग सकते हैं मदद

सरकार का सीएम हेल्पलाइन एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है। इसमें टोल फ्री नंबर 181 पर फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यहां दर्ज शिकायत नंबर दिया जाता है। निराकरण निर्धारित समय सीमा में करना होता है। शिकायतों के निराकर की औचक जांच भी होती है।

## शिकायत अटकी, पीड़ितों को नहीं मिली राहत

दीपक तोमर, राकेश रावत, रोहन मालवीय ने भोपाल जिले की मेंडोरी पंचायत में मनरेगा के तहत बनाई जाने वाली कच्ची सड़क, दीवार के काम में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की थी। हाल ही में की गई यह शिकायत एल-3 पर जाकर अटकी है। अभी तक पीड़ित पक्ष को राहत नहीं मिली है। आरोप है कि छह लाख की मजदूरी थी, पांच लाख का मटेरियल लगना है। सचिव ने नाम मात्र के लोगों को रोड बनाने का काम दिया, बाकी काम मशीन से करा रहे हैं।

इंदौर के केदार नगर के लोग खराब सड़कों व स्ट्रीट लाइट की समस्या से परेशान हैं। 30 लोग अलग-अलग शिकायत कर चुके हैं। रहवासी संघ से जुड़े हेम जोशी ने बताया कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ है।


हेम जोशी


रितिक वर्मा

ओल्ड अशोका गार्डन, भोपाल के रितिक वर्मा ने छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर शिकायत की। सुनवाई नहीं होने पर दोबारा फोन किया तो कॉलर ने दूसरे विषय से ग्रेज्युएशन करने सलाह दे डाली।

पत्रिका
26-9-2021

(3)

## गंदगी फैलाने पर जुर्माना वसूला

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर राजकुमार शास्त्रीनगर व अलकापुरी क्षेत्र में ट्रक चालक से 1000-1000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

नई दुनिया

26-9-2021

# सिटी फोरलेन का संभाग के अधीक्षण यंत्री ने किया निरीक्षण, ली जानकारी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 26-9-21



उज्जैन संभाग के अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम व कार्यपालन यंत्री आर.आर.जारोलिया ने निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व निगम इंजीनियरों के साथ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निगम आयुक्त ने अधीक्षण यंत्री निगम व कार्यपालन यंत्री जारोलिया सर्वप्रथम दो बत्ती से डाट की पुल तक निर्माणाधीन फोर लेन का अवलोकन करवाकर सड़क की लम्बाई, चौड़ाई व ढलान की जानकारी से अवगत कराया साथ इस बात की भी जानकारी दी की इस सड़क पर वर्षा के पानी का बहाव अधिक रहता है इस हेतु पानी निकासी के लिये ड्रेनेज व चेम्बर का निर्माण करवाया गया है जिससे वर्षा के पानी की निकासी सुगमता से हो सके। महाराजा स%जन सिंह जी की प्रतिमा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक की फोर लेन सड़क के निरीक्षण के दौरान निगम ने यातायात की स्थिति की जानकारी लेकर कहा कि सड़क के डिवाईडरो का इस प्रकार से निर्माण कराया जाये कि चौराहे पर यातायात बाधित ना होकर नागरिकों व सुविधा हो। इस अवसर पर कार्यपालन यं सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के.जायसवाल, सहाय यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदा मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

26-9-2021

# निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का संभाग के अधीक्षण यंत्री ने किया निरीक्षण



रतलाम। उज्जैन संभाग के अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम व कार्यपालन यंत्री आर.आर. जारोलिया ने निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व निगम इंजीनियरों के साथ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने अधीक्षण यंत्री निगम व कार्यपालन यंत्री जारोलिया दो बत्ती से डाट की पुल तक निर्माणाधीन फोर लेन का अवलोकन करवाकर सड़क की लम्बाई, चौड़ाई व ढलान की जानकारी से अवगत कराया साथ इस बात की भी जानकारी दी की इस सड़क पर वर्षा के पानी का बहाव अधिक रहता है इस हेतु पानी निकासी के लिये ड्रेनेज व चेम्बर का निर्माण करवाया गया है जिससे वर्षा के पानी की निकासी सुगमता से हो सकें। महाराजा सज्जन सिंह की प्रतिमा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक की फोर लेन सड़क के निरीक्षण के दौरान निगम ने यातायात की स्थिति की जानकारी लेकर कहा कि सड़क के डिवाईडरो का इस प्रकार से निर्माण कराया जाये कि चौराहे पर यातायात बाधित ना होकर नागरिकों को सुविधा हो। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी आदि उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार

(20)

# जनदर्शन: सीएम की दो बड़ी घोषणाएं
# सबको जमीन का अधिकार, युवाओं को 2 करोड़ के लोन की गारंटी देगी सरकार



जनदर्शन के बाद सतना के कोठी में सभा को संबोधित करते सीएम।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सतना.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को भू-अधिकार योजना का ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश के हर भूमिहीन को जमीन का अधिकार मिलेगा। यदि सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं हुई तो सरकार निजी भूमि खरीदकर पट्टे बांटेगी। वहीं, युवाओं के लिए दो करोड़ के लोन की योजना भी शुरू होगी, जिसकी गारंटी सरकार लेगी। जनदर्शन यात्रा में शामिल होने रैगांव पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा, कृषि योग्य भूमि में खदानें नहीं लगेंगी। सतना जिले में लाइमस्टोन का बड़ा भंडार है, लेकिन ऐसी भूमि पर लाइमस्टोन के खनन की अनुमति नहीं मिलेगी, जिसमें किसान खेती कर रहे हैं। उन्होंने खनिज मंत्री को मंच से ही निर्देश दिए कि ऐसे प्रस्ताव खारिज किए जाएं।

रैगांव से कोठी के बीच 36 किलोमीटर की जनदर्शन यात्रा के बाद जनसभा में सीएम ने कहा, दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना शुरू की जा रही है। बड़े शहरों में मल्टी स्टोरी बनाकर गरीबों को मकान दिए जाएंगे। ग्रामीण इलाकों में सरकारी जमीन पर प्लॉट काटकर बांटे जाएंगे। वहीं शिवराज ने कहा, 27 सितंबर को टीकाकरण महाभियान चलेगा। जिंदगी का डोज नरेंद्र मोदी जी फ्री में दे रहे हैं, लगवाने में क्या हर्ज है। हम जनदर्शन सिर्फ रैगांव में ही नहीं कर रहे, पन्ना भी गए थे।

## माफिया से मुक्त जमीन पर बनेंगे गरीबों के आवास

**भोपाल.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में मुख्यमंत्री भू-अधिकार (पट्टा) योजना की घोषणा की। शीघ्र ही यह योजना लागू होगी। उन्होंने कहा कि माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर भी गरीबों के लिए आवास बनाए जाएंगे। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलकर जनता के कल्याण के काम निरंतर करते रहेंगे।

पत्रिका 26-9-2021

# पीएम आवास उन गरीबों को भी मिलेगा, जिनके पास पट्टा नहीं : शिवराज

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

26-9-21



मप्र में पीएम आवास योजना का लाभ अब उन गरीब परिवारों को भी मिल सकेगा, जिनके पास जमीन का पट्टा न हो। शहरी क्षेत्रों में उन्हें मल्टीस्टोरी में जगह मिलेगी, ग्रामीण इलाकों में आवास मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पं. दीनदयाल जयंती पर भोपाल में यह घोषणा की। वे लालघाटी में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेशभर के 65 हजार बूथों पर शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर कार्यक्रम व सेवा कार्य हुए। सीएम ने कहा प्रदेश में प्रवास पर जाता हूं, तो देखता हूं कि एक गरीब पिता की एक से अधिक संतानें हैं। सभी का अपना परिवार है, लेकिन रहने की जगह कम है। ऐसे परिवारों को रहने के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। शहरों में जहां जमीन की कमी है, वहां मल्टी स्टोरी बनाकर रहने के लिए घर दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री भू अधिकार योजना बनेगी।

(27)

**कलेक्टर** को पत्र लिखकर दवाइयों की व्यवस्था करने संबंधी मांग

# डेंगू से चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था पर सैलाना विधायक ने उठाए सवाल

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

## पत्रिका की खबरों की सत्यता पर लगाई मुहर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 26-9-21



बाल चिकित्सालय में लगी भीड़।

**रतलाम.** जिले में डेंगू के बढ़ते दंश को लेकर जिले की बिगड़ी स्वास्थ्य को लेकर पत्रिका द्वारा उठाई जा रही आवाज के बाद अब सैलाना विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने भी इसे सही ठहराया है। सैलाना विधायक ने

जिले की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने और जिला मुख्यालय के साथ ही प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता करने के साथ ही अन्य साधन संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है, जिससे कि मरीजों को प्राथमिक स्तर पर ही राहत मिल सकें।

सैलाना विधायक गेहलोत ने कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम को पत्र लिखकर कहा कि वर्तमान में पूरे जिले में डेंगू तेजी से अपने पांव पसार रहा है। उक्त बीमारी से जिले के हर घर में मरीज संक्रमित हैं। मरीजों के उपचार के लिए जिले के समस्त शासकीय अस्पताल में डेंगू के उपचार के लिए पर्याप्त दवाईयां एवं आवश्यक चिकित्सा सामग्री उपलब्ध नहीं है, जिससे मरीजों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय अस्पतालों (सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू की जांच के लिए पैथोलाजी में पर्याप्त संसाधन एवं टेक्निीशियन उपलब्ध नहीं होने से उक्त जांचों की रिपोर्ट आने में दो से तीन दिन लग रहे हैं। इतने समय में मरीज गंभीर अवस्था में पहुंच जाता है, यहां तक की मरीज की मृत्यु तक हो रही है।

**हर अस्पताल में उपलब्ध रहे दवा :** विधायक ने मांग की है कि जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज से स्वास्थ्य केंद्रों को मोबाईल वेन के माध्यम से जोड़ा जाकर ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल लोगों को राहत प्रदान की जाए। साथ ही डेंगू से संबंधित उपचार के लिए समस्त शासकीय अस्पतालों में सभी प्रकार की दवाईयों का पूर्ण स्टाक सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जल्द भेजा जाए, जिससे मरीजों को तत्काल निःशुल्क दवाईयों का लाभ मिल सके। इत ही नहीं मेडिकल कॉलेज में भी उ बीमारी के उपचार के लिए पर्या संसाधन और दवाएं उपलब्ध कर जाए और जिले के ग्रामीण क्षेत्रों उक्त बीमारी के प्रचार प्रसार के लि पंचायत स्तर तक जागरूक अभियान चलाया जाए।

### निजी लैब के भरोसे उपचार

विधायक की माने तो डेंगू की जांच के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को जिलास्तर की निजी पैथोलाजी में जाना पड़ रहा है जिससे आम जनता को भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जल्द चिकित्सा संसाधन एवं स्टाफ उपलब्ध कराया जाए एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य टीमों का गठन कर घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वे किया जाए और मौके पर ही मरीज की पहचान कर तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। क्यो कि डेंगू जिले में जानलेवा बीमारी के रूप में फैल चुका है।

### 361 हुई डेंगू मरीजों की संख्या

जिले में स्वास्थ्य विभाग के सरकारी आंकड़े में अब जाकर डेंगू मरीजों की संख्या 361 हुई है। स्वास्थ्य विभाग की माने तो शनिवार को 22 लोगों के सैंपल जांच के लिए लगाए गए थे जिनमें से 4 की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है जबकि 18 मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला क्षेत्र में सर्वे करके दवा छिड़काव करने का दावा कर रहा है लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग अब तक जिले में डेंगू से मौत की पुष्टि भी नहीं कर रहा है, जबकि लगभग छह लोगों की इससे मौत होना बताई जा रही है।

पत्रिका
26-9-2021

(26)

# कोविड- वैक्सीनेशन में 27 सितंबर को प्रथम डोज़ के लिए अंतिम दिन

26-9-21

रतलाम @ पत्रिका. जिले में भी कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान आयोजित होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि जिले को शत-प्रतिशत कोरोना मुक्त करने के लिए प्रथम डोज से छूटे हुए सभी व्यक्ति 27 सितंबर को प्रथम डोज लगवा ले। यह प्रथम डोज के लिए अंतिम अवसर रहेगा। महा अभियान की थीम कोई ना छूटे रखी गई है। इसके बाद कोविड वैक्सीन का केवल दूसरा डोज ही लगाया जाएगा।

जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को कोविड का पहला टीका लगवाने के लिए 27 सितंबर को अंतिम अवसर होगा। 26 सितंबर रविवार को केवल जावरा क्षेत्र में मोबाइल टीम के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 26 सितंबर को जिले में कहीं भी कोविड वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा। 27 सितंबर को आयोजित होने वाले महाअभियान के लिए जिले में तैयार की गई कार्य योजना अंतर्गत केंद्रों का चिन्हांकन किया गया है। इसके अंतर्गत बाजना क्षेत्र में 65 केंद्र, जावरा क्षेत्र में 40 केंद्र, पिपलोदा क्षेत्र में 24 केंद्र, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 24 केंद्र, सैलाना क्षेत्र में 168 केंद्र, शहरी क्षेत्र में और 22, आलोट क्षेत्र में 37 केंद्रों पर कोविड संबंधित वैक्सीनेशन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को आयोजित होने वाले सत्रों में पहले और दूसरे दोनों प्रकार के डोज का टीकाकरण किया जाएगा। जिन लोगों को कोविशिल्ड का पहला टीका लगवा कर 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं, ऐसे हितग्राही नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपना वैक्सीनेशन 27 सितंबर को करवा सकते हैं।

पत्रिका 26-9-2021


# कोविड वैक्सीनेशन का महाअभियान कल प्रथम डोज के लिए अब अंतिम अवसर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में 27 सितंबर को भी कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान आयोजित होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि जिले को शत-प्रतिशत कोरोना मुक्त करने के लिए प्रथम डोज से छूटे हुए सभी व्यक्ति 27 सितंबर को प्रथम डोज लगवा ले। यह प्रथम डोज के लिए अंतिम अवसर रहेगा। महाअभियान की थीम कोई ना छूटे रखी गई है। 27 सितंबर के बाद कोविड वैक्सीन का केवल दूसरा डोज ही लगाया जाएगा।

जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को कोविड का पहला टीका लगवाने के लिए 27 सितंबर अंतिम अवसर होगा। 26 सितंबर को केवल जावरा क्षेत्र में मोबाइल टीम के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 26 सितंबर को जिले में कहीं भी कोविड वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा। 27 सितंबर को आयोजित होने वाले महाअभियान के लिए जिले में तैयार की गई कार्ययोजना अंतर्गत केंद्रों का चि-न्कन किया गया है। इसके अंतर्गत बाजना क्षेत्र में 65 केंद्र, जावरा क्षेत्र में 40 केंद्र, पिपलौदा क्षेत्र में 24 केंद्र, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 24 केंद्र, सैलाना क्षेत्र में 168 केंद्र, शहरी क्षेत्र में 22, आलोट क्षेत्र में 37 केंद्रों पर कोविड संबंधित वैक्सीनेशन किया जाएगा।

## रतलाम में यहां होगा टीकाकरण

27 सितंबर को आयोजित होने वाले टीकाकरण के लिए रतलाम शहर में कंकू मंत्रम गांधीनगर, रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल, प्रिंस पैलेस, कम्युनिटी हाल अलकापुरी, रेडक्रास भवन विरियाखेड़ी, जवाहर नगर कम्युनिटी हाल, मांगलिक भवन सुभाष नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, राधाकृष्ण स्कूल डीडी नगर मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, डीआरएम आफिस दो बत्ती रोड, राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर, लायंस हाल पावर हाउस रोड, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी धर्मशाला, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, आर्य समाज स्कूल धानमंडी, जिला चिकित्सालय रतलाम, घटला हास्पिटल रेलवे कालोनी, एमसीएच अस्पताल पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को आयोजित होने वाले सत्रों में पहले और दूसरे दोनों प्रकार के डोज का टीकाकरण किया जाएगा। जिन लोगों ने कोविशील्ड का पहला टीका लगवा 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं, ऐसे हितग्रा नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाव अपना वैक्सीनेशन 27 सितंबर को करा सकते हैं।



बाजना में प्रथम डोज से वंचित को घर जाकर टीका लगाती हुई स्वास्थ्यकर्मी। • नईदुनिया

## घर-घर जाकर लगा रहे टीके

बाजना। गांव में विशेष अभियान के तहत प्रथम डोज से वंचित ग्रामीणों क अधिकारी-कर्मचारी के संयुक्त दल द्वारा घर-घर जाकर टीकाकरण के लिए प्रेरित कर टीका लगाया जा रहा है। अभियान की सघन निगरानी तहसीलदार बीएस ठाकुर, बीएमओ डा. जितेंद्र जायसवाल, जनपद सीईओ वीके गुप्ता द्वारा की जा रही है। गांव में बीएलओ मणिलाल रलोतिया, मांगीलाल परमार, पटवारी मुकेश के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रेरित कर रही है।

## विहिप ने किया बालाजी मंदिर परिसर में पौधरोपण

जावद। नीमच रोड स्थित ग्राम सेगवा के समीपवर्ती अति प्राचीन चमत्कारिक श्री कुंडलगढ़ बालाजी मंदिर परिसर में प्रातकाल के समय विहिप प्रांत अर्चक पुरोहित निर्मल देव नरेला एवं जिलाध्यक्ष मनीष सुराना, जिला सह मंत्री कैलाश मालवीय, जिला गौसेवा प्रमुख प्रकाश सेन की मौजूदगी में विहिप नगर प्रखंड द्वारा पौधारोपण किया गया है जिसमे सबसे पहले पीपल के पौधे का रोपण किया। यह जानकारी विहिप प्रांत अर्चक पुरोहित नरेला एवं जिलाध्यक्ष सुराना ने दी।

नई दुनिया 26-9-2021

# कोविड वैक्सीनेशन : कल तक पहले डोज के लिए आखिरी मौका, फिर सिर्फ दूसरा डोज

### आज कहीं वैक्सीनेशन नहीं, 27 को सैलाना में सबसे ज्यादा 168 केंद्र रहेंगे

**जिले को शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड करने की तैयारी, गांव-गांव जाकर टीम लगा रही वैक्सीन**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-9-21

हमारे जिले को शत प्रतिशत वैक्सीनेटेड करने की तैयारी हो रही है। 27 सितंबर को कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान होगा। जिन लोगों ने पहला डोज नहीं लगवाया है, ये उनके लिए आखिरी मौका है, क्योंकि इसके बाद पहला डोज नहीं लगाया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि सभी लोग पहला टीका लगवा लें। यह अंतिम अवसर रहेगा। महाअभियान की थीम कोई ना छूटे रखी गई है। 27 सितंबर के बाद सिर्फ दूसरा डोज लगाया जाएगा।

26 सितंबर को सिर्फ जावरा क्षेत्र में मोबाइल टीम के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 26 सितंबर को जिले में कहीं भी कोविड वैक्सीनेशन नहीं होगा। 27 सितंबर को होने वाले महाअभियान के लिए जिले में तैयार की गई कार्ययोजना के तहत केंद्रों का चिह्नांकन किया है। बाजना क्षेत्र में 65 केंद्र, जावरा क्षेत्र में 40 केंद्र, पिपलौदा क्षेत्र में 24 केंद्र, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 24 केंद्र, सैलाना क्षेत्र में 168 केंद्र, शहरी क्षेत्र में 22, आलोट क्षेत्र में 37 केंद्रों पर कोविड संबंधित वैक्सीनेशन किया जाएगा।

रतलाम शहर में 27 सितंबर को कंकू मंत्रम गांधीनगर, रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल, प्रिंस पैलेस, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, रेडक्रॉस भवन विरियाखेड़ी, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल, मांगलिक भवन सुभाष नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, राधाकृष्ण स्कूल डीडी नगर, मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रोड, राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी धर्मशाला, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, आर्य समाज स्कूल धानमंडी, जिला अस्पताल, घटला हॉस्पिटल रेलवे कॉलोनी, एमसीएच अस्पताल में कोविड वैक्सीनेशन किया जाएगा। 27 को होने वाले सत्र में पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा।

दै. भास्कर 26-9-21

(28)

# डेंगू चार नए मरीज, 56 दिन में 1820 को चढ़ानी पड़ी प्लेटलेट्स, 53 घरों में लार्वा मिला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू के नए मामले बढ़ने के साथ प्लेटलेट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। शनिवार को भी जिला अस्पताल लैब से 22 एलाइजा जांच रिपोर्ट में चार नए मरीजों की पुष्टि की गई। सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति से शाम सात बजे तक 81 लोगों ने प्लेटलेट्स प्राप्त कर लिया था और कई इंतजार में थे। दो महीने से जिले में डेंगू की रफ्तार इतनी तेज है कि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पस्त हैं। इन दो महीनों में प्लटेलेट्स की रिकार्ड मांग हुई है।

मानव सेवा समिति के अनुसार एक अगस्त से 25 सितंबर तक 56 दिन में 1820 लोगों को प्लेटलेट्स प्रदान की गई। ये ऐसे लोग हैं, जिनके डेंगू बुखार के कारण प्लेटलेट्स कम हुए हैं। इसके साथ पीआरबीसी और एफएफपी भी उपलब्ध कराया गया है। अगस्त में 556 यूनिट प्लेटलेट्स, 634 यूनिट पीआरबीसी और 61 यूनिट एफएफपी बीमारों को प्रदान की गई। इसी तरह सितंबर में अब तक 634 यूनिट प्लेटलेट्स, 513 यूनिट पीआरबीसी और 43 यूनिट एफएफपी प्रदान की गई है। अभी मांग में कमी नहीं आ रही है। मानव सेवा समिति के सदस्य 24 घंटे सेवा दे रहे हैं। यदि सरकारी स्तर के ब्लड बैंक के भरोसे लोग रहते तो अब तक स्थिति काफी बिगड़ गई होती। जिले में एकमात्र संस्था मानव सेवा समिति ही प्लेटलेट्स की आपूर्ति कर रही है। शनिवार को चार नए मरीज मिलने के बाद जिले में अब 380 डेंगू के मरीजों की पुष्टि एलाइजा जांच में की जा चुकी है।



मलेरिया-डेंगू की रोकथाम के लिए बाल चिकित्सालय में फागिंग करते हुए कर्मचारी। ●नईदुनिया



इनमें मेडिकल कालेज लैब की रिपोर्ट भी शामिल है। जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में शनिवार को भी पचास मरीज सामने आए। इनका इलाज चालू हो गया है। दोनों तरह की जांचों में मिले मरीजों की संख्या अब एक हजार से अधिक हो गई है। बाल चिकित्सालय में भी बच्चों में डेंगू के मामले रोज मिल रहे हैं।

## अभी तो 24 घंटे सेवा चालू

मानव सेवा समिति के मोहन मुरलीवाल ने बताया कि डेंगू के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए ब्लड बैंक में 24 घंटे सेवा चालू है। यहां आने वाले हर व्यक्ति को प्लेटलेट्स उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी टीम के लोग दो महीने से 24 घंटे मानव सेवा में लगे हैं। इसमें गोविंद काकानी, ?गोपालकृष्ण सोडानी, जिनदास लुनिया,? विवेक बक्षी, ?अनिल पीपाड़ा, ?राजेश माहेश्वरी, ?सुरेंद्र सुरेका, ?प्रकाश नलवाया, ?महावीर जैन, ?रवींद्र कुमार बक्षी और ?हेमंत मेहता आदि सदस्य शामिल हैं।

## 53 घरों में मिला मिला लार्वा

सहायक जिला मलेरिया अधिकारी एसएन बसुनिया ने बताया कि शहर मे शनिवार को भी सर्वे, कीटनाशक का छिड़काव और फागिंग चलती रही। 361 घरों में सर्वे के दौरान 53 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। 929 कंटेनर चेक किए गए। इनमें 34 में लार्वा मिला। 270 पानी टंकी भी चेक की गई। इनमें 18 ऐसी मिली है, जिनमें लार्वा था। पानी की टंकी खाली कराई गई। साथ ही कीटनाशक का छिड़काव और फागिंग की गाड़ियां चलती रहीं।

नईदुनिया, 26-9-2021

## 4 नए डेंगू पॉजिटिव, अब तक 361 मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-9-21

जिले में डेंगू के मामले बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को मिली रिपोर्ट में 4 नए पॉजिटिव सामने आए हैं। इसके साथ जिले में 361 पॉजिटिव हो गए हैं।

हमारे शहर में डेंगू नया इतिहास बना रहा है। शनिवार को 22 लोगों की एलाइजा जांच की, इसमें से 4 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। अब तक जिले में कुल 1478 लोगों की जांच की जा चुकी है, इनमें से 361 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे पहले 2018 में डेंगू का कहर बरपा था, डेंगू के 242 मामले सालभर में सामने आए थे। शनिवार को 460 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें 53 घरों में लार्वा मिला है। लार्वा को नष्ट कर, लोगों को समझाइश दी गई।

15

## छोटे डिवाइडर से भास्कर बढ़ गई मुसीबत

**रतलाम** | सज्जन मिल रोड फोरलेन पर डिवाइडर की ऊंचाई कम है। लोग डिवाइडर क्रॉस कर रहे हैं। पशु घूमते हैं। दुर्घटना का खतरा है। सामाजिक कार्यकर्ता हितेंद्र उपाध्याय ने बताया सालाखेड़ी फोरलेन पर डिवाइडर चार फीट ऊंचा है। इससे यहां पशु ना तो डिवाइडर पर घूमते हैं और ना वो सीधे रोड पर आते हैं। उन्होंने निगम आयुक्त से डिवाइडर पर जाली लगाने की मांग की है।

दै० भास्कर
26-9-2021

(17)



## मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली जागृति के घर पहुंचकर दी बधाई

भोपाल, (प्रसं)। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2020 की सिविल सेवा परीक्षा में देश में दूसरा स्थान अर्जित करने वाली जागृति अवस्थी को बधाई दी है। श्री सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने करने वाली भोपाल निवासी जागृति अवस्थी को शनिवार को उनके घर पहुंचकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जागृति की यह सफलता देश भर की बेटियों में शिक्षा तथा बड़ी सफलता की जागृति का प्रसार करेगी।

## गरीबों के लिए शहरों में घर देना मुख्यमंत्री का यह क्रांतिकारी-कदम : भूपेंद्र सिंह

भोपाल, (प्रसं)। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश के गरीब वर्ग के लिए शहरों में घर देने के निर्णय को क्रांतिकारी कदम बताया है। श्री सिंह ने ट्वीट के माध्यम से मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री चौहान ने गरीब वर्ग के लिए एक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भू अधिकार योजना के तहत राज्य के शहरों में गरीब वर्ग को बहुमंजिला इमारतों में घर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना के तहत भूमिहीन आबादी को मकान के लिए जमीन भी देगी।

शाइनएक्सप्रेस
26-9-2021

(25)



# हर माह करोड़ों की बिजली बना रही हमारी छते

## छतों से सौर ऊर्जा के लिए नारा बुलंद कर रहे मालवा-निमाड़ के लोग



रतलाम में रेलवे परिसर की छत पर सोलर से बन रही बिजली। ● नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** गांव हो या शहर अपनी छत, अपनी बिजली का नारा बुलंद किया जा रहा है। छतों पर पैनल लगाकर न केवल बिजली का मौजूदा बिल कम किया जा रहा है, बल्कि ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मालवा और निमाड़ में पौने तीन हजार स्थानों से बिजली उत्पादित की जा रही है।

केंद्र और राज्य शासन अपनी छतें से बिजली बनाने को प्रोत्साहित कर रही है। अपनी छत से बिजली बनाने और उस बिजली को लाइनों में प्रवाहित करने का जरिया नेट मीटरिंग होता है। नेट मीटर छत से बनने वाली बिजली और उपभोक्ता के घर, दुकान, फैक्ट्री की छत से उत्पादित होने वाली बिजली का हिसाब रखता है। यह हिसाब हर बिल में जारी होता है। यदि बिजली का उपयोग ज्यादा होता है, तो अंतर राशि का बिल जारी होता है। यदि छतों से बिजली उपयोग की तुलना में ज्यादा उत्पादित हुई तो अंतर यूनिट का बिल क्रेडिट जारी होता है। इस तरीके से बिजली उत्पादित करने वालों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। उज्जैन संभाग में लगभग सात सौ स्थानों पर छतों से बिजली उत्पादित की जा रही है। इसमें देवास जिले में 55 स्थानों से बिजली बनती है। इंदौर संभाग में दो हजार से ज्यादा स्थानों से बिजली का छतों के माध्यम से पैनल की मदद से उत्पादन हो रही है। मप्र में सबसे ज्यादा छतीय बिजली इंदौर शहर से उत्पादित हो रही है। इसकी संख्या 1700 से ज्यादा है। मालवा और निमाड़ में लगभग 40 मेगावाट क्षमता की नेट मीटरिंग पैनल्स लगाई जा चुकी है।

### सूर्य के साथ

- पौने तीन हजार स्थानों से उत्पादित हो रही बिजली
- इंदौर में सबसे ज्यादा 1700 स्थानों पर सौर ऊर्जा से बिजली

### शासन की सब्सिडी देय

तीन किलो वाट तक के संयंत्र पर शासन 40 फीसद तक सब्सिडी देता है। चार से दस किलो वाट तक 20 फीसद सब्सिडी की व्यवस्था होती है। एक किलो वाट की सोलर पैनल्स का संयंत्र लगभग 37000 है। इसमें से लगभग 22 हजार रुपये उपभोक्ता को चुकाना है। शेष सब्सिडी शासन से देय होती है।

छतों से सौर ऊर्जा को लेकर मालवा और निमाड़ में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने रुचि लेकर अपनी छत अपनी बिजली की भावना से कार्य किया है। हर माह नए आवेदन प्राप्त हो रहे है, इन्हें कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी से समय पर मंजूर कराकर समय पर बिजली उत्पादन प्रारंभ कराया जा रहा है। निश्चित रूप से उपभोक्ताओं की यह रुचि ग्रीन एनर्जी की दिशा में बड़ा बदलाव लाएगी।

– अमित तोमर, एमडी
मप्रपक्षेविविकं इंदौर

### कहां कितनी छतों से बिजली

| जिला | संख |
|---|---|
| मंदसौर | 4 |
| नीमच | 5 |
| रतलाम | 1( |
| शाजापुर | [illegible] |
| उज्जैन | 3 |

नई दुनिया
26-9-2021

(15)

अटके काम • सुविधा की जगह दिक्कतों का कारण बन रहे हैं

# तीन ब्रिज-तीन परेशानी

**चेतक ओवर ब्रिज**
अतिक्रमण हटाया, अब यहां फेंसिंग करेंगे

**सुभाष नगर ब्रिज**
बिजली के तारों की कर रहे शटरिंग, दुर्घटना का डर

**बाजना रोड पुलिया**
बरसात में नहीं हो पा रही खुदाई, लेआउट बाकी


भास्कर संवाददाता | रतलाम
26-9-21

शहर के तीन प्रमुख ओवरब्रिज को लेकर रोज नई-नई अड़चनें आ रही हैं। ताजा मामला चेतक ओवरब्रिज का है। इसके नीचे अतिक्रमण करके रह रहे असामाजिक तत्वों की अवैध गतिविधियों से आसपास के रहवासी परेशान हैं। शिकायत के बाद शनिवार को सेतु विकास निगम ने चेतक ब्रिज के नीचे का अतिक्रमण हटा जगह सुरक्षित करने सीमेंट के पोल गाड दिए हैं। रविवार को तार फेंसिंग होगी।




उधर अधूरे पड़े सुभाष नगर ब्रिज का रुका हुआ काम बिना बिजली लाइन शिफ्ट किए फिर शुरू हो गया है। कर्मचारी लटकते बिजली के तारों के नीचे शटरिंग कर रहे हैं। करंट फैलने की आशंका से रहवासी भयभीत है। उनका कहना है लाइन शिफ्ट करने के बाद ही काम करें। बाजना फोरलेन की रेल पुलिया का निर्माण चालू नहीं हो पाया है। वजह बरसात को बताया जा रहा है।

## हर ब्रिज पर कोई न कोई बाधा बरकरार



**ब्रिज के नीचे जॉगिंग पार्क बनाने की तैयारी :** अतिक्रमण हटने के बाद साफ हुई चेतक ब्रिज के नीचे नेहरू स्टेडियम के सामने वाले रोटरी गार्डन की तर्ज पर जॉगिंग पार्क की तैयारी शुरू हो चुकी है। आसपास के रहवासियों ने प्रारंभिक प्लान तैयार किया है। सेतु विकास निगम जहां नगर निगम की मदद लेगा, वहीं कॉलोनीवासी रोटरी क्लब या अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से पार्क बनवाएंगे। इससे एक तो दोबारा कब्जा नहीं होगा। रहवासियों ने सीएम हेल्प लाइन में आवेदन दिया, तब सेतु विकास निगम एक्शन में आया।



**लाइन शिफ्टिंग प्रपोजल को नहीं मिली मंजूरी :** सुभाष नगर रेलवे फाटक फ्लाई ओवर का काम बिजली लाइन शिफ्ट नहीं होने से अटका है। वजह, रिवाइज एस्टीमेट में खर्च बढ़कर 2.05 करोड़ पहुंचना है, जो डीपीआर के वक्त सिर्फ 38 लाख रुपए था। इस रिवाइज प्रपोजल को अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। परमिशन मिलने के बाद भी लाइन शिफ्ट होने में लगभग चार से पांच माह लगेंगे। दूसरी बड़ी रुकावट 12 प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिलने की है। साइट के बीच मकान होने से ठेकेदार को काम आगे बढ़ाने की जगह नहीं मिल पा रही है।



**एक माह बाद भी ठेकेदार ने शुरू नहीं किया काम** : सागोद रोड रेलवे पुलिया के काम के लिए गुजरात की ठेकेदार कंपनी रिपॉल कंस्ट्रक्शन मशीनें लेकर आ गई है, बारिश रुकने के बाद ही काम चालू होगा। बाजना बस स्टैंड से बरोठ माता मंदिर तक के 3.6 किमी लंबे फोरलेन में पुलिया वाला हिस्सा संकरा है। इसे चौड़ा करने का प्लान विधायक चेतन्य काश्यप के सुझाव पर बना था। इसे 21.20 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। 534 मीटर की लंबाई में 54 मीटर का हिस्सा पटरी के ऊपर वाला, 480 मीटर की एप्रोच रोड रहेगी।

*चेतक ब्रिज के नीचे से शनिवार को अवैध कब्जेधारियों को हटा दिया है। सीमेंट के पोल लगाकर रविवार को फेंसिंग कराई जाएगी। सुभाष नगर फ्लाई ओवर में अब तक बिजली लाइन शिफ्टिंग के प्रपोजल को मंजूरी नहीं मिल पाई है। इसके बाद ही काम रफ्तार पकड़ेगा। सागोद रोड पुलिया का काम बारिश रुकने पर शुरू करेंगे। खुदाई की तो पानी भरने से काम नहीं हो पाएगा।* – **आरके गुप्ता, एसडीओ, सेतु विकास निगम**

दै० भास्कर
26-9-2021

## मुख्यमंत्री नें की प्रगति ऑनलाइन-13 में परियोजनाओं की समीक्षा

# जनता से जुड़े कार्यों में ढिलाई नहीं की जाएगी बर्दाश्त

### सीएम ने रीवा की सीवरेज स्कीम में विलंब के लिए दोषी एजेंसी को टर्मिनेट करने के दिए निर्देश

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में निर्माण परियोजनाओं का कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने पर पूरा ध्यान दें। उन्होंने अमृत योजना के तहत रीवा की सीवरेज स्कीम में विलंब के लिए दोषी एजेंसी को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़े ऐसे कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री चौहान मंत्रालय में प्रगति ऑनलाइन-13 में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट फ्रेम वर्क के तहत परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। चौहान ने कहा कि जन-कल्याण से जुड़े सार्वजनिक कार्यों में विलंब नहीं होना चाहिए। रीवा में सीवरेज स्कीम में मार्च 2017 में भूमि उपलब्ध करवा दी गई थी। कुल 199 करोड़ 73 लाख लागत की योजना में सिर्फ एक चौथाई निर्माण हुआ है। कार्य 2019 के अंत तक पूरा होना था। निर्माण एजेंसी ने पर्याप्त मात्रा में मैन पावर और मशीनरी का डिप्लायमेंट नहीं किया, जिसकी वजह से आमजन को समय पर सेवाएं नहीं मिल पाईं। निर्माण एजेंसी को टर्मिनेशन के लिए पूर्व में शोकाज नोटिस भी दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़े ऐसे कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित राज्य मंत्रालय में प्रगति ऑनलाइन पोर्टल अंतर्गत विकास की बड़ी परियोजनाओं में प्रगति की समीक्षा की।

### एनएचएआई के कार्य की प्रशंसा

मुख्यमंत्री ने रीवा-सीधी, चुरहट बायपास ट्विन रोड टनल कार्य में कार्य की रफ्तार अच्छी होने पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफइ डिया की प्रशंसा की। कु ल 13.06 किलोमीटर के इस मार्ग में 2.29 किलोमीटर टनल का निर्माण भी किया जा रहा है। कार्य की लागत 703 करोड़ रूपए है। यह कार्य जुलाई 2022 में निर्धारित समय-सीमा से आठ माह पूर्व ही पूरा कर लिया जाएगा।

### जबलपुर के फ्लाय-ओवर के निर्माण की बाधाएं दूर कर समय पर पूरा करें कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर के फ्लाय-ओवर के निर्माण की बाधाएं दूर कर समय पर कार्य पूरा करें। फ्लाय-ओवर के निर्माण के लिए 105 अतिक्रमण भी हटाए जाने है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर जबलपुर को फ्लाय-ओवर के निर्माण के समय रेलवे सहित अन्य सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों से संपर्क कर आवश्यक समन्वय करने के बाद मई 2023 तक कार्य की पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में दमोह नाका से रानीताल, मदन महल तक 5.905 किलोमीटर लम्बाई के फ्लाय-ओवर के कार्यों पर 102 करोड़ की राशि व्यय की जा चुकी है। कार्य की कुल लागत 767 करोड़ 99 लाख रूपए है। मुख्यमंत्री ने खंडवा जिले की छेगांव-माखन सिंचाई परियोजना धार और झाबुआ जिले में पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो इरीगेशन परियोजना के कार्यों को भी बिना विलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राजएक्सप्रेस
26-9-2021

(2)

## एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 57205, ट्रैक्टर-ट्राली से 9030, काम्पेक्टर सूखा कचरा से 41015 कुल 107250 किलो कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नई दुनिया

26-9-2021

(1)

आगामी तीन-चार वर्ष का प्लान

# शहरों की स्वच्छता पर 2233 करोड़ खर्च करेगी सरकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क 26-9-21
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश को स्वच्छ रखने आगामी 3-4 वर्ष में करीब 2233 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें सबसे ज्यादा 1229.50 करोड़ रुपए सीवरेज नेटवर्क और अपशिष्ट जल प्रबंधन पर खर्च किए जाएंगे। क्योंकि 2023 तक घर-घर नल से पानी पहुंचाने के निर्णय के बाद सबसे बड़ी समस्या सीवेज के पानी से शहरों में गंदगी होगी।

सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती सीवरेज नेटवर्क और सीवेज के पानी का ट्रीटमेंट करना है। सभी 407 निकायों में सीवरेज नेटवर्क बिछाने, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा शौचालय निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सूचना शिक्षा संचार सहित स्वच्छता से जुड़े कार्य होंगे। इन कार्यों पर खर्च होने वाली राशि का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजा गया है।

## ये काम होंगे



शौचालय निर्माण **98.40** करोड़ से

अपशिष्ट जल प्रबंधन **1229.50** करोड़ से

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन **615.50** करोड़ से

सूचना, शिक्षा, संचार **192.00** करोड़ से

क्षमता वर्धन **96.50** करोड़ से

पत्रिका
26-9-2021

# द्वारका रेसीडेंसी : शहर में कई कारोबारी चाहते 15 हजार वर्गफीट भूमि लेना

पत्रिका
बिग इश्यू

## कलेक्टर के निर्णय से प्रसन्नता, बोले बढ़ेगा कारोबार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 26-9-21





रतलाम. शहर के चेतक ब्रिज के करीब बनी द्वारका रेसीडेंसी द्वारा जो 15 हजार वर्गफीट भूमि जबरन कब्जा किया। उसको नीलाम करके आय बढ़ाने का निर्णय कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने लिया है। कलेक्टर के इस निर्णय से शहर के कारोबारियों में उत्साह है। कारोबारियों के अनुसार इससे रोजगार तो बढ़ेगा ही इसके साथ साथ अर्थ व्यवस्था में भी गति आएगी।

बता दें कि 2019 में जब द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण शुरू किया गया तो हद से बाहर जाकर भी पक्का निर्माण सड़क का किया गया। इतना ही नहीं, रेलवे की सैलाना यार्ड की कॉलोनी में पानी की जो निकासी थी, उसको बंद कर दिया गया। इससे बारिश के दौरान रेल कर्मचारियों के आवास में पानी भरने की समस्या हुई। नाली जो बंद की गई, उसको अब तक नगर निगम ने खुलवाने का कार्य नहीं किया है। इससे रेल कर्मचारियों की समस्या अब तक कायम है। इन सब के बीच द्वारका रेसीडेंसी द्वारा किए गए अतिक्रमण वाली सरकारी भूमि को नीलाम करने के लिए कार्य में तेजी आना शुरू हुई है। प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत कारोबारी कर रहे हैं।

### इधर बन गया पूरा तालाब, हो रहे मच्छर

इधर द्वारका रेसीडेंसी के करीब ही डेंगू के मच्छर पनप रहे हैं। यहां किए गए गड्ढे के चलते बारिश का पानी भर गया है। अब बारिश का पानी सड़ांध मारने लगा है व मच्छर बहुतायात हो गए हैं। ऐसे में डेंगू के मच्छर इस जमा पानी में इस क्षेत्र में होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### बेहतर निर्णय, लाभ होगा

सरकारी भूमि के नीलाम करने व इस क्षेत्र में नया निर्माण होने से पटरी पार क्षेत्र स शहर का आर्थिक विकास होने मदद मिलेगी। यह बेहतर व स्वा योग्य निर्णय है। **- विपीन खिलोसिया,** अध्यक्ष रतलाम नमकीन एसोसिएशन

पत्रिका
26-9-2021